विधानसभा / महत्वपूर्ण

# कार्यालय संचालक

## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email- dirfood.cg@gov.in, website- www.fcs.cg.gov.in)

क्रमांक 102/संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 / 06 / 2026

प्रति,

**प्रबंध संचालक,**
छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम
अटल नगर नवा रायपुर

**विषयः– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 741 तारांकित द्वारा श्री धरमलाल कौशिक, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 741 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में**) दिनांक** 02.07.2026 तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **10/07/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **17/07/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **ई-पास मशीन के क्रय-मूल्य और किराया-मूल्य का अंतर**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **741** ) **श्रीधरमलाल कौशिक**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) विधानसभा प्रश्न क्रमांक 2256 दिनांक 16 मार्च, 2026 के उत्तर अनुसार "खाद्यान्न वितरण हेतु प्रश्नांकित अवधि में 14,085 ई-पास मशीनें किराये पर ली गई हैं। ई-पास मशीन का किराया रूपये 1432.52 प्रति मशीन प्रतिमाह है।" क्या 4 वर्षो में राशि 91,78,20,539 रूपये का भुगतान किया गया है? क्या उक्त प्रश्न में मशीन के क्रय की स्थिति में प्रति मशीन लागत व किराये की स्थिति के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर उल्लेखित/बताया नहीं गया था? यदि हॉ तो इसके लिये जिम्मेदार कौन है? नाम व पदनामवार जानकारी देवें? (ख) क्या उक्त मशीनों को किराये पर लेने से पूर्व विभाग द्वारा इसके क्रय-मूल्य और किराया-मूल्य के अंतर का कोई तुलनात्मक आकलन किया गया था? यदि हाँ, तो बाजार दर के अनुसार एक ई-पॉस मशीन को खरीदने में कितनी राशि व्यय होती और लगातार 5 वर्षो से किराया देने पर कितनी राशि व्यय होगी? दोनों का अंतर बताएं? उक्त मशीनों हेतु विभाग द्वारा जारी आरएफपी के निर्धारित मुख्य-नियम एवं शर्तें क्या थी एवं निष्पादित-अनुबंध क्या था? प्रतियां सहित जानकारी देवें? (ग) क्या निष्पादित-अनुबंध में मशीनों के खराब होने,इंटरनेट-कनेक्टिविटी न होने या तकनीकी गड़बड़ी आने पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है? यदि हाँ तो वर्षवार ऐसे कितने प्रकरणों से कितनी-कितनी राशि वसूली गई/नहीं की गई है?जानकारी देवें?

**उत्तर :**

NAN